**दिनांक: 02.07.2025** **समय : 02.10PM**

# प्रादेशिक समाचार

## प्रधानमंत्री–रवानगी भाषण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घाना, ट्रीनिडाड और टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया के दौरे पर आज रवाना हो गए हैं। श्री मोदी आज दो दिन की यात्रा पर घाना पहुंचेगे। अपने रवानगी भाषण में श्री मोदी ने कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में भारत का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसने अफ्रीकी संघ तथा पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्रों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास भागीदारी क्षेत्र में विचार–विमर्श और आदान–प्रदान को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में अधिक सहयोग की उम्मीद जताई। प्रधानमंत्री घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे।

## भाजपा अध्यक्ष

बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल मध्य प्रदेश भाजपा के निर्विरोध नए प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज सुबह 11 बजे हुई बैठक में चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, संगठन चुनाव की पर्यवेक्षक और प्रदेश चुनाव अधिकारी विवेक शेजवलकर ने हेमंत खंडेलवाल के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने ट्वीट में कहा कि श्री खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, संगठित तथा जनविश्वास से परिपूर्ण होगा। वहीं हेमंत खंडेलवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जायेगा।

## कार्यशाला

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा भोपाल में आज से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में खाद्य विभाग, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन एवं मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के जिले एवं प्रदेश के अधिकारी और कर्मचारी सहभागिता करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि, उन्हें नवीनतम नियमों, नीतियों, नवाचार, चुनौतियों तथा विभागीय कार्यप्रणालियों की जानकारी देना, जिसमें मिलिंग, भंडारण, उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली , ई ऑफिस, ई सीआर,आईगोट जैसे विषय शामिल रहेंगे।

## ई–केवायसी

प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत शामिल पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित कर वास्तविक हितग्राहियों को राशन वितरण करने के लिये हितग्राहियों की ई–केवायसी करने की प्रक्रिया जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि शेष हितग्राहियों की ई–केवायसी कराने और मृत तथा अपात्र एवं अस्तित्वहीन हितग्राहियों का मौके पर सत्यापन के बाद उनका नाम हटाने के लिये 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## मौसम

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मानसून से पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। राजधानी भोपाल में आज सुबह जोरदार बारिश होने से कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई । मौसम विभाग ने आज भोपाल नीमच, मंदसौर, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर शिवपुरी का डाक विभाग संभाग बन गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलेगी।
- सतना और मैहर जिले के 248 दिव्यांगजनों को सांसद गणेश सिंह द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसिकिल का निःशुल्क वितरण किया गया।
- इंस्पायर अवॉर्ड योजना अन्तर्गत खंडवा जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजकुण्ड में 4 जुलाई से दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन होगा।
- पन्ना जिले के एक हजार 442 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 4 जुलाई को लैपटॉप क्रय के लिए मिलेगी राशि।
- पी.एम.श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रामपुरा जिला नीमच में सत्र 2026–27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है।